वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 328 | गुरुवार 28 मार्च 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## नामांकन जमा करवाने का आखिरी दिन: कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशियों ने जमा करवाए फॉर्म

जयपुर कलेक्ट्रेट पर प्रत्याशियों के साथ आए कार्यकर्ताओं के चलते कलेक्ट्री सर्किल से चिंकारा कैंटीन तक लंबा जाम रहा।



### राजस्थान के लिए भाजपा के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी

# पीएम मोदी और 10 केंद्रीय मंत्री करेंगे प्रचार; भजनलाल समेत 5 राज्यों के सीएम भी शामिल

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

बीजेपी ने राजस्थान के लिए लोकसभा चुनाव को लेकर अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। 40 नाम वाली इस लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और 10 केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। इसके अलावा राजस्थान समेत 5 राज्यों के सीएम का नाम भी स्टार प्रचारकों में है। इस लिस्ट में पूर्व सीएम और झालावाड़ विधायक वसुंधरा राजे समेत पूर्व विधायक राजेंद्र राठौड़ और सतीश पूनिया के नाम भी हैं। राजस्थान सरकार के कई मंत्री और संगठन से जुड़े पदाधिकारियों को भी प्रचार का जिम्मा सौंपा गया है। बीजेपी ने अपने स्टार प्रचारक में तिजारा विधायक बाबा बालकनाथ को भी शामिल किया है।




### पीएम समेत 10 केंद्रीय मंत्रियों को प्रचार का जिम्मा

इस लिस्ट में सबसे ऊपर पीएम मोदी का नाम है। दूसरे नंबर पर जेपी नड्डा हैं। जिन केंद्रीय मंत्रियों को राजस्थान में प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है, उनमें अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, भूपेंद्र यादव, अर्जुनराम मेघवाल, गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, संजय बालियान, कृष्ण पाल सिंह गुर्जर और पुरुषोत्तम बराला शामिल हैं। इस चुनावी मैदान में राजस्थान समेत 5 राज्यों के सीएम भी प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करेंगे। इनमें राजस्थान सीएम भजनलाल शर्मा, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, मध्यप्रदेश सीएम मोहन यादव, गुजरात सीएम भूपेंद्र पटेल और हरियाणा सीएम नायब सैनी का नाम शामिल है। राजस्थान से पूर्व सीएम राजे, दोनों डिप्टी सीएम और एक विधायक भी बीजेपी के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में राजस्थान के कई नेता भी शामिल हैं। स्टार प्रचारकों में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के साथ प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी व राजेंद्र गहलोत और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी व सतीश पूनिया और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ को शामिल किया गया है।




# श्री वीर सेवक मण्डल का होली स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री वीर सेवक मण्डल जयपुर का होली मिलन समारोह एवं फूलों की होली का रंगारंग कार्यक्रम महावीर स्कूल प्रांगण में सुनील -निशा पहाड़ियां के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। मण्डल के अध्यक्ष महेश काला एवं मंत्री भानु छाबड़ा ने बताया कि समारोह में दीप प्रज्जवलित पदम कुमार झांझरी परिवार ने किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप गोधा एवं सहसंयोजक नरेश कासलीवाल ने बताया कि कार्यक्रम में निवाई-टौंक से आये कलाकारों ने मोर नृत्य, कालबेलिया नृत्य व कृष्ण रासलीला से सम्बंधित मनमोहक प्रस्तुतियां दी। संयुक्त मंत्री सुरेश भौच ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता ममता सौगाणी ने की विशिष्ट अतिथि महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमराव मल संघी थे। कार्यक्रम के अन्त में सभी गणमान्य अतिथियों सहित उपस्थित लोगो ने फूलों से होली खेलकर नाच गाते हुए ठंडाई एवं अल्पाहार आनन्द लेते हुए समारोह को भव्यता प्रदान की।

भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में
मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT
सह प्रायोजक ARL Infratech Ltd.
सह प्रायोजक समाचार जगत
जैन सोशल ग्रुप राजधानी, जयपुर द्वारा
रक्तदान जीवन दान
रक्तदान शिविर
GIVE BLOOD GIVE LIFE
प्रातः 9 से 1 बजे तक
रविवार, 31 मार्च 2024
स्थान:- महाप्रज्ञा इंटरनेशनल स्कूल, ज्ञान विहार, निर्माण नगर, जनपथ जयपुर
क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।
अध्यक्ष प्रकाश-लीला अजमेरा
संस्थापक अध्यक्ष सुनील-आरति पहाड़िया
सचिव पवन-रीटा पाटनी
मुख्य संयोजक दिलीप-नमिता टकसाली
संयोजक मनोज-मनीषा सोगानी
संयोजक सुनील-उर्मिला टोंग्या
संयोजक प्रकाश-बीना ङुंडिया
पुण्यार्जक: स्व. श्री महावीर प्रसाद जी पाटनी की पुण्य स्मृति में श्रीमती सुमित्रा देवी जैन (धर्मपत्नि ), श्रीमान धर्मचन्द जी रूची जी पाटनी (पुत्र-पुत्र वधू), सुजानगढ़ वाले

# रंगमंच दिवस पर हुआ 'रहोगी तुम वही' का मंचन





## धूमधाम से मनाया गया थिएटर डे

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

मौलिक ऑर्गनाइजेशन ऑफ क्रियेटिव एंड परफोर्मिंग आर्ट और यूजीसी महिला अध्ययन केंद्र, सु. वि. वि. उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व रंगमंच दिवस पर पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में लघु नाटक ह्यरहोगी तुम वहीह्य के मंचन ने दर्शकों और प्रतिभागियों का मन मोह लिया। नाटक में दिखाया गया कि समाज में महिलाओं के लिए द्वंद्व आज भी कायम है। ''रहोगी तुम वही'' में इसी द्वंद्व को भारतीय पुरुष के नजरिए से दिखाया गया। नाटक में पुरुष के दोहरे चरित्र और दोगले सिद्धान्तों को सीधी-सादी भाषा में किसी भी घर में होने वाले संवाद व स्थितियों के माध्यम से उजागर किया गया। 'रहोगी तुम वही' में पति का एकालाप, जाहिर तौर पर पत्नी से मुखातिब है। पति के पास, पत्नी से शिकायतों का अन्तहीन भंडार है, जिन्हें वह मुखर हो कर पत्नी पर जाहिर कर रहा है। रोजमर्रा की आम बातें हैं। उसे पत्नी के हर रूप से शिकायत है; और ये रूप अनेक हैं। वह उन्हें स्वीकारना नहीं चाहता; इसलिए कहे चले जा रहा है कि रहोगी तुम वही, यानी हर हाल, मेरे अयोग्य। निहितार्थ, न मैं बदल सकता हूँ, न तुम्हारे बदलते स्वरूप को सहन कर सकता हूँ, इसलिए रहोगी तुम वही, मुझ से पृथक। पत्नी के पास कहने को बहुत कुछ है पर लेखक को उससे कुछ कहलाने की जरूरत नहीं है; अनकहा ज्यादा मारक ढंग से दर्शकों तक पहुँच रहा है। नाटक का मुख्य आकर्षण मौलिक संस्था के युवा रंगकर्मी जतिन भारवानी का जींवत अभिनय रहा। ऐसे पति की भूमिका जो हमेशा अपनी पत्नी की कमियाँ ढूँढ़ कर उसे प्रताड़ित करता रहता है, के चरित्र को जतिन ने बखूबी निभाया। नाटक के निर्देशक शिवराज सोनवाल की परिकल्पना और निर्देशन ने सूझ-बूझ व रंगमंचीय कौशलता के साथ नाटक के संवाद को उसकी अस्मिता और मूल संवेदनाओं को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। उपस्थित दर्शकों ने अभिनय, निर्देशन और नाटक के माध्यम से दिए गए संदेश की सराहना कर कलाकारों को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं, इसी मौके पर महेश आमेटा ने रंगमंच दिवस के बारे में जानकारी और शुभकामनाएं दीं। वहीं अंत में महिला अध्ययन केंद्र की ओर से डॉ. गरिमा मिश्रा ने विश्व रंगमंच दिवस की शुभकामना देने के साथ सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवम् दर्शकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। जहाँ संगीत संचालन-रेणुका जाजोट, मंच सज्जा-तमन्ना गोयल, निर्माण प्रबंधक- शिबली खान, रूप सज्जा- गुनीशा मकोल, मंच सामग्री- कुलदीप, कॉस्टयूम- तन्वी बिजारनिया, कैमरा एवं वीडियोग्राफी- शुभम शर्मा ने किया।

भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में
मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT
सह प्रायोजक ARL ARL Infratech Ltd.
सह प्रायोजक समाचार जगत
श्री दिगम्बर जैन मंदिर संघी जी सांगानेर, जयपुर
जैन सोशयल ग्रुप महानगर, जयपुर द्वारा
रक्तदान जीवन दान
रक्तदान शिविर
GIVE BLOOD GIVE LIFE
प्रात: 9 से 1 बजे तक
रविवार, 31 मार्च 2024
स्थान:- श्री दिगम्बर जैन मंदिर संघी जी, सीटीएस बस स्टेंड, सांगानेर
क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।
महावीर बज अध्यक्ष | नरेन्द्र पांड्या महामंत्री | नरेन्द्र बज प्रभारी
श्री दिगम्बर जैन मंदिर संघी जी
संजय जैन आवा अध्यक्ष | प्रदीप जैन संस्थापक अध्यक्ष | सनील गंगवाल सचिव
जैन सोशयल ग्रुप महानगर

## वेद ज्ञान

# अहिंसा का धर्म

भारत धर्मपरायण देश है। यहां की मिट्टी के कण-कण में धर्म समाया हुआ है, लेकिन कौन-सा धर्म है वह? यह वह धर्म नहीं है, जो निर्दोष व्यक्तियों के प्राण लेता है। यह वह धर्म नहीं है, जो निरपराध व्यक्तियों के साथ अमानुषिक व्यवहार करता है। भारत का यह धर्म किसी को कष्ट देने वाला, किसी का शोषण करने वाला और किसी पर जबरन शासन करने वाला धर्म नहीं है। इस धर्म का पालन करते हुए न जाने कितने व्यक्ति ऐसे हुए हैं, जिन्होंने दूसरे व्यक्तियों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। यही सच्चा धर्म है। यह इंसान को इंसान से जोड़ना सिखाता है, न कि तोड़ना। अहिंसा यही सिखाती है। जो अहिंसा के रास्ते से भटक गए हैं और जिनका मूलाधार क्षमा से विमुख हो गया है वे ही लोग आज दुनिया के सामने बड़ा संकट बनकर उपस्थित हो रहे हैं। इस संकट को दूर करने का एक ही रास्ता है- अहिंसा पर आस्था रखना, जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अहिंसा का पालन करना और 'पर' यानी दूसरे को आत्मवत मानकर उसकी उसी तत्परता से रक्षा करना, जितनी हम अपनी करते हैं। मनुष्य के जीवित रहने के लिए जितनी प्राण-वायु आवश्यक है, उतनी ही आवश्यक उसके जीवन के लिए अहिंसा है। वस्तुतः अहिंसा मानव-जीवन का अधिष्ठान है। जिसके जीवन में अहिंसा नहीं, वह जीवन एक प्रकार से निरर्थक है। अहिंसा से सामान्यतः माना जाता है किसी जीव की हत्या न करना। अहिंसा में यह तो निहित है ही, किंतु उसका अर्थ इससे कहीं अधिक व्यापक है। जीवन की कोई प्रवृत्ति ऐसी नहीं है, जिसमें अहिंसा का स्थान न हो। हमारे यहां अहिंसा और हिंसा का बहुत गहरा अर्थ किया गया है, किसी की भावना को आहत करना भी हिंसा माना गया है। हम अनावश्यक बोलते हैं तो उसमें हिंसा है। वस्तुतः सामर्थ्य होने पर व्यक्ति दूसरे को सताए नहीं, इसमें अहिंसा निहित है। अहिंसा के लिए व्यक्ति का क्षमाशील होना अत्यंत आवश्यक है। हम प्रायः अपराधी को दोषी ठहराते हैं, किंतु यदि हमें उसकी परिस्थिति का पूरा ज्ञान और भान हो सके तो हम उसके प्रति क्षमाशील ही हो सकते हैं। गांधीजी ने सत्य को परमेश्वर माना और कहा कि उससे साक्षात्कार करने का साधन अहिंसा है।

## संपादकीय

# हुकूमत की मजबूरी और रिश्तों का दबाव

आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान दोहरा रवैया अख्तियार करता रहा है। एक तरफ तो वह भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों को हथियार की तरह इस्तेमाल करता रहा है, मगर दूसरी तरफ अपने ही बलूचिस्तान इलाके में आतंकवाद से लड़ना उसके लिए चुनौती बना हुआ है। सोमवार को बलूचिस्तान प्रांत के तुरबाद शहर में नौसैनिक अड्डे पर आतंकवादियों ने हमला किया और गोली बरसाते हुए अंदर घुसने का प्रयास किया। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चीनी नागरिकों के एक काफिले पर हमला किया, जिसमें पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई। इन दोनों हमलों की जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी नाम के आतंकी संगठन ने ली है। सैनिक ठिकानों या फिर चीनी नागरिकों पर ये हमले नए नहीं हैं और न ये केवल बलूचिस्तान प्रांत तक सीमित हैं। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी वहां इस कदर ताकतवर है कि वह जब-तब पाकिस्तानी सुरक्षाबलों को चुनौती देती रहती है। पाकिस्तानी सेना और पुलिस ने बलूचिस्तान प्रांत से आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने के इरादे से हर तरह के कड़े कदम उठाए हैं, वहां के बेगुनाह लोगों पर भी खूब अत्याचार किए हैं, मगर उनके इरादे कमजोर करने में उन्हें कोई कामयाबी नहीं मिल पाई है। दरअसल, बलूचिस्तान प्रांत के लोगों का मानना है कि पाकिस्तान सरकार उनके प्रांत के हितों की अनदेखी करती है। फिर, उस इलाके के लोग पाकिस्तान में चीन की बढ़ती दखल का पुरजोर विरोध करते रहे हैं। उनकी कहना है कि चीन उनके इलाके में घुस कर उनके संसाधनों का दोहन कर रहा है। दरअसल, पाकिस्तान में ''चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे'' के तहत कई परियोजनाएं चल रही हैं। बलूचिस्तान प्रांत के लोग उनका विरोध करते रहे हैं। इससे पहले भी चीनी नागरिकों पर कई बार हमले हो चुके हैं। ताजा हमला उसी की एक कड़ी है। मगर पाकिस्तान हुकूमत की मजबूरी यह है कि वह इन परियोजनाओं के नाम पर चीन से काफी पैसा ले चुकी है और इन दिनों जिस आर्थिक बदहाली के दौर से देश गुजर रहा है, उसमें वह चीन का दामन छोड़ नहीं सकती। चीन से उसकी दोस्ती न केवल आर्थिक कारणों से, बल्कि भारत के साथ तनावपूर्ण रिश्तों की वजह से भी है। चीन से दोस्ती करके वह भारत पर मानसिक दबाव बनाने की कोशिश करता है, मगर हकीकत यह है कि अपनी इस लचर रणनीति में वह खुद चीन के पंजे में अपनी गर्दन फंसा चुका है। अगर वह बलूचिस्तान प्रांत के लोगों के विरोध पर गंभीरता दिखाता, तो शायद आतंकवादी उसे अपने हथियार के तौर पर इस्तेमाल नहीं कर पाते। बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवाद इतना ताकतवर हो चुका है कि उसके चलते पाकिस्तान को ईरान और अफगानिस्तान के साथ रिश्तों में संतुलन साधना भी कठिन हो गया है। कुछ महीने पहले ही ईरान ने बलूचिस्तान प्रांत के कुछ आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने भी उसके इलाके में हवाई हमले किए।




**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य


# लापरवाही!

जागरूकता की कमी और व्यवस्थागत लापरवाही का नतीजा एक बार फिर होली के मौके पर सामने आया, जब कई लोग बुरी रह झुलस गए। दिल्ली के पांडव नगर इलाके में कुछ लोग घर की छत पर होली खेलते हुए एक-दूसरे पर रंग और पानी फेंक रहे थे। इसी बीच पास से गुजरते उच्च क्षमता के बिजली के तार पर पानी चला गया और उसमें अचानक विस्फोट हो गया। इसकी चपेट में सात लोग आए और गंभीर रूप से घायल हो गए। यों यह एक हादसा है, पर इसे बहुस्तरीय लापरवाही का नतीजा माना चाहिए। समझना मुश्किल है कि किसी खुशी के मौके पर लोग संभावित खतरों की अनदेखी क्यों करते हैं। अपनी छतों पर होली खेलते लोगों को क्या यह जानकारी नहीं थी कि वे जिस तरह एक-दूसरे पर पानी फेंक रहे हैं, वह अगर बिजली के तार से छू गया तो उसके क्या नतीजे हो सकते हैं? विडंबना है कि एक ओर आम लोग जागरूकता की कमी के चलते अक्सर लापरवाही कर बैठते और ऐसे हादसों के शिकार हो जाते हैं, वहीं संबंधित सरकारी महकमों को यह ध्यान रखना जरूरी नहीं लगता कि आम लोगों के लिए किसी सुविधा का विस्तार करते हुए जोखिम के लिहाज से या तो उचित सुरक्षात्मक व्यवस्था की जाए या फिर इंसानी आबादी के लिए खतरनाक साबित होने वाली किसी चीज को लेकर जरूरी कायदे तय किए जाएं। इस व्यवस्थागत कमी के अलावा किसी पर्व-त्योहार के मौके पर आम लोग आए दिन भारी लापरवाही बरतते देखे जाते हैं। ज्यादा दिन नहीं हुए, जब राजस्थान के कोटा में शिवरात्रि के मौके पर शिव बरात में शामिल लोगों में से किसी का झंडा उच्च क्षमता के तार से छू गया और उसमें चौदह बच्चे झुलस गए। ऐसी घटनाएं अक्सर सामने आती हैं, मगर न तो आम लोग उनसे सबक लेते हैं और न ही प्रशासन की ओर से कोई सुरक्षित इंतजाम किए जाते हैं।



सवाल है कि घनी बस्ती में अगर जानलेवा साबित होने वाले उच्च क्षमता के बिजली के तार इंसानी गतिविधियों की पहुंच में गुजर रहे हों, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है?

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी के प्रवचन से...




**बसन्त आता है तो प्रकृति मुस्कुराती है, और सन्त आता है तो संस्कृति मुस्कुराती है..!**

वसंत ऋतु को प्रकृति का त्योहार माना है। वसन्त को ऋतुराज माना है, यानि ऋतुओं का राजा। जो वसंत का एहसास करते हैं, उन्हें पता है कि ऋतुओं की भीड़ में वसंत को ही राजा माना गया है। एयर कंडीशनरो के दौर में धनपतियों ने इन मौसमों को नियंत्रित कर लिया है, उनके कमरे, दफ्तरों और कारों का तापमान कमोबेश एक सा रहता है, ऐसे में कैसे एहसास हो कि कब वसंत आया और कब चला गया। यह तो फुटपाथ पर ज़िन्दगी जीने वालों से पूछो कि जब ठण्ड आती है तो शोर मचाते हैं और गर्मी आती है तो तड़पते हैं। वसंत ऋतु समृद्धि और सौंदर्य के सृजन का एक अद्भुत त्योहार है। समृद्धि नई फसलों के रूप में और सुन्दरता प्रकृति के मनोरम दृश्यों के रूप में उभरती है। यह सब वसंत ऋतु में ही सम्भव है कि बगैर बारिश के प्रकृति नए रूप में पल्लवित और पुष्पित होती दिखाई देती है। क्योंकि वसंत ऋतु में प्रकृति सोलह कलाओं से खिल उठती है। वसंत का आगमन माघ शुक्ल पंचमी से प्रारंभ होता है और फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा होलिकोत्सव के साथ समापन हो जाता है। रंगोत्सव यानि बुराईयों पर अच्छाईयों की विजय पताका फहराने का नाम है वसंतोत्सव।

रंग ऐसा भरो, रंग ऐसा भरो<br>
ना रंग नफरत का हो, ना रंग मजहब का, रंग ऐसा भरो<br>
जिसके छींटों में बस प्यार ही प्यार हो

मैं भक्तों से कहता हूं -<br>
मैं रंग हू भक्तों के चेहरे का<br>
तुम जितना मुस्कुराते हो<br>
हम उतना ही निखरते जाते हैं...!!!<br>
सभी को अनन्त शुभसंशाओ सहित आशीर्वाद।

**नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

# जैन सोशयल ग्रुप राजधानी द्वारा रक्तदान शिविर रविवार 31 मार्च को

## रक्तदान शिविर के बेनर का हुआ विमोचन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोश्यल ग्रुप राजधानी द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार 31 मार्च को महा प्रज्ञा इंटरनेशनल स्कूल ज्ञान विहार निर्माण नगर में किया जायेगा। जैन सोशल ग्रुप राजधानी के अध्यक्ष प्रकाश लीला अजमेरा ने बताया कि शिविर के बेनर का विमोचन समाजसेवी दानवीर मोती कुमार सरोज देवी गंगवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष सुनील आरती पहाड़िया, सयुक्त सचिव राजेंद्र जयश्री पाटनी, कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र आशा सांघी, अजीत रजनी पाटनी, रमेश बीना जैन एवं संयोजक प्रकाश बीना डुडिया उपस्थित रहे।






# विश्व-शांति व मानवता की रक्षा के लिए है अहिंसा की जरूरत- प्रो. श्रीवास्तव

## ''भारतीय परंपराओं में अहिंसक संप्रेषण की खोज'' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ

**लाडनूं. शाबाश इंडिया**

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रो. केएल श्रीवास्तव ने कहा है कि आज विज्ञान भी यह मानता है कि अहिंसा के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। आज विश्व शांति व मानवता की रक्षा के लिए अहिंसा की जरूरत है और महात्मा गांधी के अहिंसा के सिद्धांत वर्तमान में बहुत प्रभावी हो सकते हैं। वे यहां जैन विश्वभारती संस्थान व गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को ''भारतीय परम्परा में अहिंसक सम्प्रेषण की खोज'' विषय पर आयोजित द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति के ''वसुधैव कुटुम्बकम'' का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्व में बिना सीमाओं के देशों की कल्पना की गई है। भारतीय अध्यात्म में अहिंसा व शांति के तत्व निहित है। आज मनुष्यों, प्राणियों व प्रकृति के बीच परस्पर समन्वय रखे जाने की आवश्यकता है। उन्होंने जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय को विलक्षण और अपनी तरह का विश्व का इकलौता विश्वविद्यालय बताया। सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए जैन विश्वभारती संस्थान के कुलपति प्रो. बीआर दूगड़ ने अहिंसा को भारतीय दर्शन व शास्त्रों में अहिंसा व शांति को अन्तर्निहित बताया। भारतीय विधाओं का मुख्य विषय सत्य की खोज रहा है और इसी कारण भारतीय शास्त्रों में अहिंसा अनुस्यूत है। वेदों में आया है कि निरन्तर संवाद से ही सत्य तक पहुंचा जा सकता है। अहिंसा से जुड़ाव संवाद द्वारा ही होता है। यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने गीता, बोद्ध दर्शन एवं जैन दर्शन का भी उदाहरण प्रस्तुत किया तथा कहा कि जैन दर्शन में ''अनेकांतवाद'' आया है, जिसे गांधी ने भी स्वीकार किया है। इसमें न्याय के लिए दूसरों के दृष्टिकोण से भी देखने की बात आई है। प्रो. दूगड़ ने कहा कि कंटेंट, प्रोसेस और इंटेन्शन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि न्याय के लिए विषयवस्तु और उसे प्रस्तुत करने का तरीका एवं उसके पीछे की भावना पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने सामने वाले को अपने भविष्य के मित्र के तौर पर लेने की आवश्यकता बताई।

### मीडिया शिक्षण में अहिंसा संवाद का समावेश जरूरी

राष्ट्रीय सेमिनार के मुख्य वक्ता पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के प्रो. मनीष शर्मा ने वेदांगों को भूलने पर चिंता जताते हुए कहा कि बाहरी लोग उसी में आई बातों को अब हमें फिर से बताने की कोशिश कर रहे हैं। सत्य, अहिंसा, करूणा, सेवा, मैत्री, समर्पण आदि ही समाज के लिए आवश्यक तत्व हैं। पश्चिमी सभ्यता के लोग आज योग आदि को फोलो कर रहे हैं। गांधी दर्शन को भी फोलो कर रहे हैं। हमें अपनी विचारधारा को दूसरों तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने संवाद करने, चचाओं को महत्व देने, अहंकार को छोड़ने और धैर्य के साथ बातचीत करने को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि शिक्षा में हमें कुछ नया जोड़ कर आगे प्रसारित करना चाहिए। इससे पूर्व विशिष्ट अतिथि गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति नई दिल्ली के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वेदव्यास कुंडू ने सेमिनार के विषय को प्रतिपादित करते हुए कहा कि अहिंसा संवाद हमारे यहां तो कण-कण में रचा हुआ है। उन्होंने मीडिया के अहिंसक संवाद को महत्व देते हुए कहा कि महात्मा गांधी के मॉडल ऑफ कम्युनिकेशन में भाषा को संयमित करने की जरूरत बताई गई है। हम 'मीडिया लिट्रेसी' पर काम कर रहे हैं। मीडिया एजुकेशन से सोलयुशंस तलाश किए जाएंगे। उन्होंने विश्वविद्यालयों में मास कम्युनिकेशन विषय के साथ अहिंसा संचार को भी जोड़ा जाकर काम करने की आवश्यकता बताई। इसके जितने भी आयाम हैं, उनमें भारतीय परम्परा के कंटेंट का अनुसरण भी महत्वपूर्ण होंगे। इसे लेकर वैश्विक स्तर पर भी रूचि दिखाई जा रही है। उन्होंने वर्चुअली हिंसक विचारों से आपसी सम्बंध खराब होने के बारे में भी बताया। सेमिनार का प्रारम्भ समणी प्रणव प्रज्ञा के मंगलाचरण द्वारा किया गया। प्रो. समणी सत्यप्रज्ञा ने अतिथि परिचय और स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत-सम्मान शॉल, पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिह्न एवं साहित्य प्रदान करके किया गया। अंत में विभागाध्यक्ष डा. रविन्द्र सिंह राठौड़ ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रो. नलिन के. शास्त्री, प्रो. जिनेन्द्र जैन, प्रो. बीएल जैन, डा. प्रद्युम्नसिंह शेखावत, डा. सत्यनारायण भारद्वाज, डा. आभासंह, डा. बलबीर सिंह, डा. सुनीता इंदौरिया, डा. प्रगति भटनागर, डा. मनीषा जैन, विजयकुमार शर्मा, पंकज भटनागर, दीपाराम खोजा, डा. वीरेन्द्र भाटी मंगल, जगदीश यायावर आदि सहित देश के विभिन्न प्रांतो से आए शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। **सुजानगढ़: प्रेषक शरद जैन सुधांशु, लाडनूं**







# मुनि श्री भूतबली सागर महाराज समतापूर्वक समाधि होने पर पिड़ावा में शोक की लहर

## पूज्य मुनि श्री की प्रेरणा से पिड़ावा में गौशाला का हुआ था शिलान्यास



**पिडावा. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य आचार्य 108 श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य परम पूज्य 108 श्री भूतबलि सागर महाराज का समता पूर्वक समाधि मरण हो गया।पिड़ावा जैन समाज के प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने मुनि श्री के वर्षा योग की स्मृति को सांझा करते हुए बताया कि परम पूज्य मुनिश्री 108 श्री भूतबली सागर महाराज ससंध का 43वां चतुर्मास पिड़ावा में भक्ति भाव, आनन्द पूर्वक , हर्ष उल्लास के साथ पिड़ावा नगर मे हुआ था। और चातुर्मास निष्ठापन का कार्यक्रम 26अक्टुबर2022 को हुआ। 9अक्टुबर को 108श्री भूतबली सागर, मुनि सागर,मोन सागर, मुक्ति सागर महाराज की भव्य पिच्छिका परिवर्तन का कार्यक्रम हुआ था।उन्होंने बताया कि 16अक्टुबर को परम पूज्य 108 श्री भूतबली सागर महाराज ससंध की पावन प्रेरणा से जैन गोकुल धाम गौशाला दांता रोड़ पिड़ावा का भव्य शिलान्यास व 28अक्टुबर 2022का कार्यक्रम किया गया था। इसके साथ ही महाराज श्री की प्रेरणा से श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन जुना मन्दिर नवीन जिनालय खंडपुरा का भव्य ऐतिहासिक पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम हुआ। ऐसे संत की समाधि मरण के समाचार मिलते ही सकल दिगम्बर जैन समाज में शोक की लहर छा गई और सभी समाज के बन्धुओं ने अपने प्रतिष्ठान बंद करके 10गाडियो के माध्यम से 100श्रावक श्राविकाओं ने आष्टा पहुंच कर उन्हें अपनी विनयानजलि दें कर उनके अन्तिम दर्शन किये।

**-अभिषेक जैन लुहाड़िया**
**रामगंजमंडी की रिपोर्ट**

# चंदबाला महिला मंडल शास्त्री नगर के चुनाव में सर्वसहमति से बाबेल बनी अध्यक्षा मंत्री सिंघवी




**सुनिल चपलोत.शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। शास्त्रीनगर चंदबाला महिला मंडल के चुनाव में निर्विरोध बाबेल बनी दुबारा से अध्यक्षा। अहिंसा भवन शास्त्री नगर मे महिला मंडल की मीटिंग रखी गई जिसमें मंडल अनेक बहनो की उपस्थित रही और सभी महिला सदस्यों की सर्व सहमति से निर्विरोध नीता बाबेल को अहिंसा भवन शास्त्रीनगर चंदनबाला महिला मंडल की अध्यक्षा तथा मंत्री रजनी सिंघवी,कोषाध्यक्ष सुनीता झामड़,उपाध्यक्ष वनिता बाबेल अनु बापना,लाड़ पीपाड़ा प्रमुख संरक्षिका मंजु पोखराना,संरक्षिका मंजु बापना सलाकार पद पर उमा आँचलिया और कांता छाजेड सहमंत्री पद पर कोमल सालेचा संगठन मंत्री निशा बापना प्रचार प्रसार मंत्री रश्मि लोढ़ा और शिक्षा मंत्री सरोज मेहता आदि पदो पर चयन किया गया। इसदौरान अध्यक्षा नीता बाबेल ने सभी बहनो को धन्यवाद देतें हुयें कहा कि पद सेवा के लिए है ना की स्वार्थ केलिए होता है।एक अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता है सबके सहयोग से ही कार्य संभव हो सकता है।







# आदिनाथ भवन मीरा मार्ग में भक्तांमर दीप अनुष्ठान का होगा भव्य आयोजन 31 मार्च को




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आदिनाथ भवन मीरा मार्ग में भक्तांमर दीप अनुष्ठान का भव्य आयोजन रविवार दिनांक 31 मार्च को शाम 7:00 बजे से होगा। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन समिति के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया व मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि समिति द्वारा श्री आदिनाथ भवन मीरा मार्ग मानसरोवर मे 48 मंडलों पर 48 दीपो से भक्तामर स्त्रोत दीप अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक लोकेंद्र जैन (राज भवन वाले) ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ कैलाश चंद माणकचंद रमेश ठोलिया परिवार द्वारा चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन एवं पंच परमेश्वर की महाआरती से होगा। इसके पश्चात शांति विजय, लक्ष्मी विजय, विजय गंगवाल परिवार द्वारा परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य 108 श्री विद्यासागर जी महाराज की महा आरती होगी। इसके पश्चात श्री चूलगिरी मंडल द्वारा भक्ति भाव से संगीत मय भक्तामर अनुष्ठान का आयोजन होगा। समिति के मंत्री राजेंद्र कुमार सेठी ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। सभी मंडल आरक्षित हो चुके हैं" सभी लोगों में भारी उत्साह है समिति के अध्यक्ष सुशील पहाड़ियों ने बताया कि मुख्य मंडल पुण्याजर्क परिवार लोकेंद्र जैन (राज भवन वाले) श्रीमती राजा देवी, अंकित प्त श्रुति जैन पाटनी (ऊंची पीढ़ी वाले) है। समिति के अध्यक्ष ने सभी से इस कार्यक्रम में पधारकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया।

# पुलक परिवार ने तिलक होली मनाई, मन्दिर जी में केसर भेंट की



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भारत गौरव आचार्य श्री पुलक सागर जी महाराज जी के आशीर्वाद से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के पावन पर्व पर 24 मार्च को पुलक मंच परिवार महारानी फार्म गायत्री नगर की ओर से आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर महारानी फार्म गायत्री नगर जयपुर में 91 ग्राम केसर प्रदान की गई एवं तिलक होली मनाई गई। तिलक होली के लिए जिनशंरण तीर्थ क्षेत्र के लिए भी 21 ग्राम केशर भेजी गई। इस कार्यक्रम में पुलक मंच परिवार की राष्ट्रीय महामंत्री बीना टोंग्या, गायत्री नगर शाखा के महामंत्री महावीर सोनी, कोषाध्यक्ष सुरेश जैन, संरक्षक अनिल टोंग्या, प्रदीप बाकलीवाल, प्रदीप पाटनी, सुभाष बज, शाखा अध्यक्षा मंजू सेवा वाली, महामंत्री रेखा झांझरी, रेखा पापडीवाल, विमला जैन, गुड्डी पाटनी, अनीता बडजात्या, रशिम तोतुका, प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा, महामंत्री राजेश बोहरा, उपाध्यक्ष अरुण शाह, कोषाध्यक्ष राकेश छाबड़ा, सिद्धचक्र महामंडल विधान में सोधर्म इंद्र बने अशोक पापड़ीवाल, सन्तोष गंगवाल परिवार, उपस्थित इंद्र इन्द्राणी एवं जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन के अतिरिक्त पुलक मंच परिवार एवं समाज के अन्य गणमान्य लोग भी शामिल थे।

# होली के पावन अवसर पर रचाया विज्ञातीर्थ क्षेत्र पर श्री शांतिनाथ विधान



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्रकूट विज्ञातीर्थ, गुन्सी (राज.) की पावन धरा पर प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में श्री श्री 1008 शांतिनाथ महामण्डल विधान का आयोजन हुआ। होली के पावन अवसर पर राकेश जैन जयपुर सपरिवार ने मण्डल पर 120 अर्घ्य चढ़ाकर भगवान शांतिनाथ जी की आराधना की। निवाई, चाकसू, जयपुर, मालपुरा के भक्तों ने अभिषेक शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त किया। गुरूभक्त नरेश बनेठा, जयप्रकाश जैन, गिरीश जैन, महेश मोटूका सपरिवार ने पूज्य गुरुमाँ का मंगल आशीष प्राप्त किया। तत्पश्चात गुरुभक्तों ने गुरुमाँ की आहारचर्या कराने का सौभाग्य प्राप्त किया। प्रवचन सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधन देते हुए माताजी ने कहा कि - देव - शास्त्र - गुरु की भक्ति करना चाहिए। इनकी भक्ति तात्कालिक फल को देने वाले होती हैं। बस जरूरत है उसमें श्रद्धा का पासवर्ड डालने की। अपने भक्ति रुपी कार्ड में श्रद्धा रुपी पासवर्ड डालेंगे तो पैसा रुपी फल अवश्य मिलेगा। माताजी ने सभी को धर्म का मर्म समझाते हुए कहा कि - देव शास्त्र गुरु अर्थात मंदिर पाप काटने का साधन है पाप जोड़ने का नहीं। ये ताला खोलने का साधन है ताला लगाने का नहीं। अपने ज्ञान की विवेक की आंखें खोल लो तो आपका ज्ञान रुपी ताला स्वतः खुल जायेंगे।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# नेपाल के प्रथम उपराष्ट्रपति से सम्मानित होंगी किरण

### राजस्थान दिवस पर जयपुर में होगा समारोह



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** समाज सेवा के क्षेत्र में लंबे समय से कार्यरत सखी वन स्टॉप सेंटर, उदयपुर की केंद्र प्रबंधक, किरण पटेल को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। 30 मार्च को राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नेपाल के प्रथम उपराष्ट्रपति न्यायमूर्ति परमानन्द झा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित होंगे। जिसमें विशिष्ट सामाजिक सेवाओं के लिए किरण पटेल को 'राजस्थान समरसता रतन अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मुख्य सलाहकार कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ईस्ट-वेस्ट लॉ फर्म काठमाण्डौ नेपाल ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच एंव राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच के संयुक्त तत्वाधान में जयपुर शहर में राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जी-22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन समारोह में विभिन्न राज्यो, केन्द्र शासित प्रदेशो व विभिन्न राष्ट्रो के प्रतिनिधी सम्मलित होगे। समारोह शुभारम्भ से पूर्व समरसता कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया जायेगा।

## लॉयन्स क्लब जयपुर ग्रीन ने रंग रसिया-2024



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** लायंस क्लब जयपुर ग्रीन को मनाया 'शोले' की थीम पर होली का कार्यक्रम रंग रसिया-2024 अटोला रिसोर्ट में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ग्रुप सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग व गुलाल लगाते हुए इस आयोजन को मनाया। आयोजक वेद प्रकाश शर्मा एवं दीपक गुप्ता ने बताया है कि इस मौके पर सभी ग्रुप दम्पती शोले की पोशाक में नजर आए। इस दौरान कार्यक्रम स्थल होली के दिन सब मिल जाते है...रंग बरसे भीगे चुनर वाली...जैसे गीतों पर मस्ती करते दिखे। इस अवसर पर चार्टर प्रेसिडेंट सुशांत गोयल, अध्यक्ष रवि अग्रवाल,सेक्रेटरी रतन अग्रवाल,कोषाध्यक्ष अमित कामदार आदि मौजूद रहे।

# सम्मेदशिखर जी में मुनि श्री सुप्रभ सागर जी व सुयश सागर जी का भव्य मिलन हुआ

### मुनिश्री के सान्निध्य में सिद्धचक्र विधान का भव्य आयोजन

**सम्मेदशिखर. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य श्रमणाचार्य 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के सुयोग शिष्य मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज ससंघ की भव्य अगवानी सिद्धक्षेत्र शिखर जी मधुवन में की गई जहाँ गुरु भाई सुयशसागर से मिलन हुआ। श्रीजी की निकली भव्य शोभायात्रा 40 वर्ष बाद तेरापंथी कोठी ट्रस्ट कमेटी मधुवन द्वारा निकाली गयी शोभा यात्रा पाण्डुक शिला पर पहुंची जहां आचार्य, उपाध्याय साधु, आर्यिका संघ के सानिध्य में श्री पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक सम्पन्न हुआ। प.पू. मुनिश्री सुप्रभसागरजी ने किया शान्ति- धारा का मंत्रोच्चार किया। मुनि श्री निग्रंथ दीक्षा के उपरांत पहली बार पहुंचे हैं सिद्धक्षेत्र पर सिद्धों की बंदना के लिए।



होली के रंग मुनिश्री के संग का भाव लेकर पहुँच रहे हैं देशभर के गुरु भक्त। 30 मार्च से 07 अप्रैल 2024 तक प.पू. मुनि श्री सुप्रभ सागर जी, मुनि श्री प्रणत सागर जी के सानिध्य में श्री आदिनाथ दिगंबर जैन कांच मंदिर मधुवन (शिखरजी) में सम्पन्न होने जा रहा है श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान। 31 मार्च को श्रमणाचार्य श्री विशुद्धसागरजी का 18 वा आचार्य पदारोहण दिवस मनाया जाएगा।

**-डॉ सुनील जैन संचय, ललितपुर, निर्देशक उत्कर्ष समूह**

भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में
मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT
सह प्रायोजक ARL Infratech Ltd.
सह प्रायोजक समाचार जगत
स्व. श्री गुलाब चंद जी जैन की 66वीं पुण्य तिथि के अवसर पर
रक्तदान जीवन दान
रक्तदान शिविर
GIVE BLOOD GIVE LIFE
प्रातः 9 से 1 बजे तक
रविवार, 31 मार्च 2024
स्थान:- श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, लांगड़ियावास
क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।
संयोजक प्रदीप कुमार जैन 9414070596
संयोजक मनीष जैन 9928161485
पुण्यार्जक:- समस्त बाकलीवाल परिवार

# वैशाली नगर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

## आचार्य सुनील सागर का हुआ मंगलप्रवेश, निकली घटयात्रा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

वैशाली नगर के नर्सरी सर्किल स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर के प्रथम तल पर नवनिर्मित जिनालय का श्रीमज्जिनेन्द्र महावीर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में बुधवार से शुरू हुआ। आयोजन के पहले दिन घटयात्रा, ध्वजारोहण सहित अनेक कार्यक्रम हुए। इस दौरान आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया। जानकारी देते हुए पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष गजेंद्र बडजात्या ने बताया कि बुधवार को महोत्सव के पहले दिन गर्भकल्याणक पूर्वाद्ध की क्रियाएं हुई,जिसके तहत जिनेंन्द्र दर्शन ,प्रार्थना,शांति जाप्य व श्रीजी की शांतिधारा के बाद जल पूजन किया गया।इसके बाद बैंडबाजों के बीच 1008 महिलाओं की घटयात्रा निकाली गई। घटयात्रा में महिलाएं एक जैसे परिधान में सिर पर मांगलिक कलश लेकर चल रही थीं।कलशयात्रा में 'धन्य-धन्य आज घड़ी कैसी सुखकार है...आया मंगल दिन मंगल अवसर...जैसी गूंज रही भजनों की स्वर लहरियों से वातावरण भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया।कलश यात्रा मंदिर प्रागंण से शुरू हुई जो विभिन्न मार्गो से होती हुई कार्यक्रम



स्थल जनकपुरी पैराडाइज में बने कुंडलपुरी नगरी जाकर समाप्त हुई,इधर आचार्यश्री ने महोत्सव के लिए वैशाली नगर में मंगल प्रवेश किया। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने पाद पक्षालन व मंगल आरती उतारकर संघ की अगवानी की। संघ जब अस्थाई रूप से बनाई गई कुंडलपुरी नगरी पहुंचा,जहां पर महोत्सव के पदाधिकारियों ने पाद पक्षालन व आरती उतारकर संघ की अगवानी की। महोत्सव समिति के राजेश पाटनी ने बताया कि महोत्सव के तहत ध्वजारोहण ज्ञानदेवी, राजेश कुमार-समता, जितेन्द्र- खुशबू, मावन, जीविका पाटनी परिवार ने किया। पांडाल का उद्घाटन एडवोकेट ताराचंद-सविता,रोहित-सोमाली, अभिषेक-अनुश्री अतिवीर जैन वैशाली ने किया। पांडाल में श्रीजी की शांतिधारा,पूजा व अर्घ्य के बाद चित्र अनावरण, समाजश्रेष्ठी चंदन देवी, उमेश-नीता, अमित-आयुषी, वर्णिका, ललिता, कांता लुहाड़िया परिवार नागौर वाले,दीप प्रज्जवलन निर्मल कुमार-उमा देवी, निरंजन-प्रमिला, जितेन्द्र-प्रियर, दिविशा, वैभव, आरव शाह परिवार वैशाली नगर, ने किया साथ ही मुख्य कलश की स्थापना शांति कुमार-ममता जैन,प्रियतम-मयूरी, ऋषभ व सिद्धेश सौगानी जापान वालों ने किया। इस अवसर पर आचार्यश्री के मांगलिक प्रवचन हुए,जिसमें आचार्यश्री ने पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव के बारे में समझाते हुए कहा कि हम सभी के लिए अभूतपूर्व अवसर आया है,जिसमें हम सभी को प्रतिष्ठा की सभी क्रियाएं देखने को मिलेगी। इसीदिन दोपहर में मंगल कलश की प्रतिष्ठा,यागमंडल, जाप्यादि कलशों की स्थापना, व यागमंडल विधान की पूजा की गई। इस मौके पर सौधर्म इन्द्र बने प्रवीण - प्रिया बड़जात्या सहित अन्य इन्द्र-इन्द्राणियों ने मंडल पर भक्ति भाव से पूजा की।महोत्सव की सारी क्रियाएं पंडित मनोज शास्त्री सागर वालों ने सम्पन्न करवाई।इस अवसर पर भाजपा से जयपुर ग्रामीण से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी राव राजेन्द्र सिंह ने आशीवार्द लिया। मुख्य संयोजक विशाल जैन ने बताया कि इसीदिन दोपहर में कुमारिकाओं द्वारा तीर्थ जल लाना व सायं प्रभु आरती के बाद गर्भकल्याणक के पूर्व हृष्य, सौधर्म इन्द्र की सभा, तत्वचर्चा, अलौकिक ज्योति, कुबेर का आगमन, महाराज से भेंट आज्ञा, पिता का ससम्मान लाकर सर्वतोभद्र महल में स्थापित करना, कुमारियों की स्थापना, तीर्थकर माता को 16 स्वप्न दर्षन आदि की क्रियाएं सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि महोत्सव के तहत 28 मार्च को गर्भकल्याणक उत्तरार्ध की क्रियाएं सुबह 6बजे से शुरू हो जाएगी।इस दौरान श्रीजी की शांतिधारा,गर्भकल्याणक पूजा,तीर्थंकर माता का जागरण,माता की गोद भराई सहित अन्य धार्मिक होंगे। महोत्सव के तहत 29 मार्च को जन्माभिषेक का भव्य जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस में अनेक झांकियां,बैंड,बग्गी,हाथियों पर विराजमान इन्द्र-इन्द्राणी सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। इसके बाद पांडुक शिला पर 1008 कलशों से अभिषेक किया जाएगा।


भगवान महावीर के 2622वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में
मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT
सह प्रायोजक ARL ARL Infratech Ltd.
सह प्रायोजक समाचार जगत
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप गुलाबी नगर, जयपुर
शुभम केयर हॅस्पिटल, जयपुर द्वारा
Shubham Care Hospital Your Trust Our Care
रक्तदान जीवन दान
रक्तदान शिविर
GIVE BLOOD GIVE LIFE
प्रातः 10 से 2 बजे तक
रविवार, 31 मार्च 2024
स्थानः- शुभम केयर हॉस्पिटल, 201, गिरिराज नगर, इस्कॉन रोड, मुहाना मंडी रोड, जयपुर
क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करें और करवाये।।
संयोजक देवेन्द्र जैन 9950237722
संयोजक कैलाश पाटनी 9460380846
अध्यक्ष सुशीला बड़जात्या
सचिव महावीर पांड्या
निर्मल सेठी कोषाध्यक्ष
सुनील बज निवर्तमान अध्यक्ष
अनिल जैन संस्थापक अध्यक्ष
सुरेन्द्र जैन पांड्या संरक्षक
पदम भावसा विशिष्ट परामर्शक
मृदुला पांड्या परामर्शक
महेन्द्र पाटोदी परामर्शक

# महिला जागृति संघ द्वारा फागोत्सव व गणगौर उत्सव का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

महिला जागृति संघ की सदस्याओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम फागोत्सव व गणगौर उत्सव संत सुधासागर महिला जागृति विधास्थली भवन में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती शशी जैन ने बताया की कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती विधा सोनी ने की व मुख्य अतिथि श्रीमती विमला बिलाला रही। कार्यक्रम में वंदना सरोज छाबड़ा व साधना काला गाकर कार्य क्रम की शुरूआत की ।संस्था की मंत्री श्रीमती सरोज जैन ने बताया कि शारदा सोनी व साधना , निर्मला, रूबी जैन व अंजु , मंजू ने सभी को माला पहनाकर स्वागत किया ।फूलों द्वारा होली पर नृत्य और प्रदर्शनी गणगौर के गाने पर सभी ने जोरदार ठुमके लगाए।रेखा ,सुनीला ज्योति, गरीमा, अनिला व सभी ने नृत्य और मधूर गाने गाए। सभी को पहले वाटिका व पदमपुरा जिन मंदिर के दर्शन करवाए गए ।

# पं प्रद्युम्न कुमार शास्त्री जयपुर प्रतिष्ठा मार्तण्ड की उपाधि से सम्मानित



**सीकर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर धोद सीकर राजस्थान में श्री सिद्धचक्र महामण्डल का ऐतिहासिक आयोजन दिनांक 17 से 25 मार्च 2024 तक आयोजित किया गया जिसमे लगभग 500 इन्द्र- इन्द्राणियो ने भक्ति-भाव से सिद्धो की पूजा अर्चना की। विधान की बिशेषता ये रही कि इसमे देश के कौने कौने से भक्त पहुचे थे। दिल्ली मुम्बई बैगलूर कोलकाता इम्फाल जयपुर सीकर गोहाटी आदि से आकर भक्तो ने कार्यक्रम को ऐतिहासिकता प्रदान की। सम्पूर्ण कार्यक्रम को पं प्रद्युम्न कुमार जैन शास्त्री मोहनबाडी जयपुर ने अपने कुशल निर्देशन से भव्यता एवं दिव्यता प्रदान की। विधान की परिसमाप्ति एवं विश्वशान्ति महायज्ञ पूणार्हुति के अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज धोद द्वारा पं प्रद्युम्न कुमार जैन शास्त्री जयपुर को उनके प्रभावी विधानाचार्यत्व अनुशासन एवं मार्गदर्शन के लिए 'प्रतिष्ठा मार्तण्ड' की मानद् उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वरूपचंद काला गुवाहाटी विजय कुमार पाटनी कोलकाता ज्ञानचंद काला दिल्ली संपतकुमार पाटनी मुम्बई विजय कुमार सेठी जयपुर महेश कुमार काला इंफाल संजय कुमार काला सूरत सुशील पाटनी धोद कैलाश चंद काला धोद रमेश काला धोद राजेश सेठी धोद आदि समाज श्रेष्ठी उपस्थित रहे। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पारस टी वी चैनल पर किया गया ।कार्यक्रम का सफल संचालन मुम्बई के श्रेष्ठी सम्पत पाटनी ने किया। इस उपलब्धि पर देश एवं प्रदेश की विभिन्न संस्थाओ के पदाधिकारियो ने पं प्रद्युम्न कुमार जी शास्त्री को बधाई एवं शुभकामनाऐ प्रेषित की हैं।



# कुण्डलपुर में बड़े बाबा के रंग में रंगने जुड़ा भक्तों का सैलाब


## हजारों भक्तों ने किया बड़े बाबा का अभिषेक

**रत्नेश जैन रागी. शाबाश इंडिया**




कुण्डलपुर। दमोह जिले का सुप्रसिद्ध श्री दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में होली धुलेड़ी के पावन पर्व पर बड़ी संख्या में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा ।इस अवसर पर पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक करने देश के विभिन्न अंचलों से हजारों भक्त जुटे । होली के रंग में रंगने से बचने भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ जैन तीर्थ कुंडलपुर पहुंची। बड़े बाबा के दर्शन, पूजन ,अभिषेक कर बड़े बाबा के रंग में रंग कर धन्य हो गए ।इस अवसर पर श्रध्दालुओं ने कुंडलपुर में विराजमान लगभग 30 पिच्छी साधु, साध्वियों के दर्शन कर, आहार देकर अहो भाग्य माना। इस अवसर पर संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य पूज्य मुनि श्री विनम्र सागर जी महाराज ने अभिषेक शांतिधारा के पहले प्रवचन देते हुए कहा आचार्य श्री का सपना था कि बड़े बाबा के दर्शन लाभ सभी को सहजता से प्राप्त हों। दानदाताओं ने इतना विशाल बड़े बाबा का मंदिर बनाकर खड़ा कर दिया। गुरुदेव के कार्यों को आगे बढ़ाना हम सभी का कर्तव्य है। कुण्डलपुर महामहोत्सव मीडिया समिति के जयकुमार जलज हटा व राजेश रागी बकस्वाहा ने बताया कि इस अवसर पर प्रथम अभिषेक, शांति धारा, रिद्धिमंत्र कलश, छत्र चवंर, आरती, अभिषेक करने का सौभाग्य मयंक पर्व श्वेता श्राविका जैन परिवार शामली, आकाश संयम नूपुर मान्या परिवार शामली, वैभव सतीश रितिका शुची संभव अरुण साधना परिवार शामली, मयंक जैन अरुण जैन शामली, प्रदीप संयम जैन सहारनपुर, वैभव जैन गाजियाबाद, रविंद्र गौरव पारस वरुण जैन आगरा ने सौभाग्य पाया।

# मंगलवार का दिन विवेक विहार मंदिर में महोत्सव के रूप में मनाया





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राष्ट्रीय संत आचार्य श्री 108 सुनील सागर जी मुनिराज ससंघ का मंगल प्रवेश गाजे बाजे के साथ मंगलवार सुबह विवेक विहार जैन मंदिर में हुआ। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर विवेक विहार में मंगलवार का दिन विवेक विहार समाज के लिए स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया। राष्ट्रसंत आचार्य श्री 108 सुनील सागर जी महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश हुआ। विवेक विहार दिगंबर जैन समाज के जॉइंट सेक्रेटरी नरेश जैन मेडता ने बताया कि राष्ट्रीय संत आचार्य श्री 108 सुनील सागर जी महाराज का मंगलवार को प्रातः काल सुबह 6:30 बजे भटारक जी नसियां नारायण सिंह सर्किल से विहार विवेक विहार जैन मंदिर के लिए हुआ। नरेश जैन मेड़ता ने बताया कि विहार के दौरान भारी संख्या में श्रावक जुलूस के रूप में साथ चल रहे थे एवं गुरुदेव के जयकारे लगाए जा रहे थे । गुरुदेव ने रास्ते में राधा विहार जैन मंदिर के दर्शन किए। राधा विहार से जुलूस रवाना होकर श्याम नगर लजीज होटल के पास पहुंचा। लजीज होटल से हाथी घोड़े बैंड बाजा लवाजमे के साथ वशिष्ट मार्ग चौराहे पर पहुंचा। जहां पर आचार्य गुरुदेव सुनील सागर जी महाराज एवं चैत्य सागर जी महाराज का मिलन हुआ। इस दौरान विवेक विहार ,श्याम नगर ,और राधा विहार के सभी सदस्यों ने फूलों की बरसात की एवं जैन धर्म के जयकारों से पूरे पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। जुलूस में आगे हाथी घोड़े एवं उसके पीछे महिला मंडल की पूरी टीम एवं समाज के सभी महिला एवं पुरुष जयकारा लगाते हुए चल रहे थे । नरेश जैन मेड़ता ने बताया कि आचार्य श्री का जुलूस 9:30 बजे के लगभग विवेक विहार जैन मंदिर पहुंचा। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रावक श्राविकाओं ने आचार्य गुरुवर सुनील सागर जी महाराज ससंघ की अगवानी की । इस दौरान महिला मंडल सदस्यों ने हाथों में कलश लेकर मंगल गीत गाए ।आचार्य गुरुवर के बाद पक्षालन करने का सौभाग्य विकास कुमार अंजना काला जापान वाले परिवार को मिला । दीप प्रजलन का सुरेंद्र सरिता पाटनी परिवार , शास्त्र भेंट अनिल अरविंद जैन परिवार , मुकेश सेठी परिवार, नेमीचंद ऋषभ कुमार पाटौदी परिवार को सौभाग्य मिला। इस अवसर पर आचार्य गुरुवर सुनील सागर जी महाराज से भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा एवं पार्षद पवन शर्मा ने आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारीयो ने जयपुर शहर लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा, पवन शर्मा पार्षद, राजस्थान जैन महासभा पदाधिकारीगण, किशनगढ़, मालपुरा, केकड़ी एवं जयपुर के विभिन्न जैन मंदिरों से पधारे हुए पदाधिकारीगण का स्वागत एवं अभिनंदन किया । जॉइंट सेक्रेटरी नरेश मेड़ता ने बताया कि अभिनंदन एवं स्वागत के प्रक्रिया होने के बाद में राष्ट्र संत आचार्य गुरुवर 108 सुनील सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में जैन धर्म के सिद्धांतों के बारे में बताया एवं धार्मिक कार्यों में रुचि लेने एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा व्यवस्था के बारे में बताया कि समाज के लोगों को इसमें आगे होकर कार्य करना चाहिए। आचार्य गुरुवर ने कहा कि हर कॉलोनी में एक जिनालय होना चाहिए एवं संत निवास की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि जैन धर्म की प्रभावना बढ़ती रहे एवं संतों का प्रवास निरंतर चलता रहे ।विवेक विहार समाज के सदस्य को आशीर्वचन देते हुए गुरुवर ने कहा कि विवेक विहार के लोगों में विवेक बहुत है और हर कार्य यह पूरी लगन के साथ करते हैं ।उन्होंने मंदिर जी मैं हुए कार्यों की प्रशंसा की ।अभी इतना सुंदर है तो बाद में कितना सुंदर होगा । आचार्य सुनील सागर जी महाराज ने विवेक विहार के सभी सदस्यों को आशीर्वाद देते हुए कहां की तीन मंजिला जिनालय भव्य रूप में बनेगा। कार्यक्रम संयोजक दीपक सेठी ने बताया कि प्रवचन के पश्चात आचार्य गुरुवर की भक्तिमय पूजा अर्चना की गई, जिसमें राजस्थान के प्रसिद्ध गायक संजय भैया लाडनूं ने अपने भजनों की रसधार से उपस्थित जनसमूह को मंत्र मुग्ध कर दिया ।श्रावक श्राविकाएं अपनी जगह पर खड़े होकर गुरुवर के समक्ष भक्ति करने लगे .. पूजा अर्चना में विभिन्न तरह के अर्घ चढ़ाए गए.... इस अवसर पर अल्पाहार व्यवस्था पुण्याजक श्रीमान विकास अंजना काला परिवार जापान वाले, जल व्यवस्था मैना देवी चैरिटेबल ट्रस्ट अरिहंत शालिनी बगड़ा का व्यवस्था में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया ... नरेश जैन मेड़ता ने बताया कि आचार्य श्री ससंघ आहार के पश्चात दोपहर 4:00 बजे राष्ट्रसंत आचार्य गुरुवर 108 सुनील सागर जी महाराज का विवेक विहार जैन मंदिर से पारसनाथ कॉलोनी निर्माण नगर विहार हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल जैन,सेक्रेटरी सुरेंद्र पाटनी, कोषाध्यक्ष पारसमल छाबड़ा, नीरज ठोलिया,जॉइंट सेक्रेटरी दीपक सेठी, उपाध्यक्ष अरुण रावकां,भागचंद पाटनी, अमित ठौलिया,पंकज रारा,दीपक कासलीवाल, विकास जैन, आशीष शाह, संजय पापड़ीवाल, अनिल पाटनी, प्रशांत सेठी, धमीचंद जैन केकड़ी वाले, अनिल जैन पराणा, सुबोध पहाड़िया, धर्मेंद्र गंगवाल, सुधीर छाबड़ा, महेश जैन कोटा वाले, जिनेंद्र छाबडा, सुनील सरावगी, मुकेश सेठी, राजेश बधाल, शशि जैन मैना कासलीवाल, राजमती देवी पाटनी, पूर्व पार्षद मोनिका जैन, सरला बगड़ा, अलका पांडया, सुनीता कासलीवाल, मोना सेठी, निक्कू रारा सहित इस मौके पर समाज के सदस्यगण उपस्थित थे।

## जैन सोश्यल ग्रुप नॉर्थ के चुनाव संपन्न

### सुनील सोगानी अध्यक्ष, विशुतोष चाँदवाड़ सचिव बने



**जयपुर।** जैन सोश्यल ग्रुप नार्थ जयपुर की वर्ष 2024- 25 के लिए सर्वसम्मति से पदाधिकारियो की नई टीम चुनी गई ' ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष मनीष झांझरी ने बताया कि सुनील सोगानी के नेतृत्व मे नई टीम का गठन किया जो निम्न प्रकार है:- सुनील सोगानी अध्यक्ष, अजय बड़जात्या उपाध्यक्ष, विशुतोष चाँदवाड़ सचिव, महेंद्र जैन सहसचिव, सुकेश काला कोषाध्यक्ष बने।

## राव राजेंद्र सिंह ने पूज्य गुरुदेव, राष्ट्र संत आचार्य सुनील सागर जी से लिया आशीर्वाद



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर, वैशाली नगर, जयपुर के पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिन आज जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह ने पूज्य गुरुदेव, राष्ट्र संत, परम तपस्वी, प्राकृत ज्ञान केसरी दिगम्बर जैनाचार्य 108 श्री सुनील सागर जी महाराज से आशीर्वाद लिया।